**बिहार सरकार**

# बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना–14

**Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in**

**विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी.(डी.सी.ई.सी.ई.)-2026/14 दिनांक- 29.08.2026**

## डिप्लोमा-सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा-2026 सरकारी / निजी क्षेत्र के पॉलिटेकनिक (अभियंत्रण) [PE] कॉलेजों में प्रवेश हेतु ONLINE MOP-UP ROUND-2 COUNSELLING से सम्बन्धित आवश्यक सूचना

विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी.(डी.सी.ई.सी.ई.)-2026/12 दिनांक- 01.08.2026 के क्रम में डिप्लोमा सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा–2026 के PE कोर्स ग्रुप मे सम्मिलित सभी अभ्यर्थियों / सम्बन्धित संस्थान के प्राचार्य तथा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि DCECE(PE)-2026 की पूर्व प्रकाशित मेधासूची के आधार पर Online Mop-up Counselling के माध्यम से सरकारी / निजी क्षेत्र के पॉलिटेकनिक संस्थानों में पॉलिटेकनिक अभियंत्रण के विभिन्न पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में हुए सीट आवंटन तदनुसार नामांकन के पश्चात् शेष रिक्तियों की पाठ्यक्रमवार/ संस्थानवार / कोटिवार रिक्तियाँ पर्षद की वेबसाइट bceceboard.bihar.gov.in पर उपलब्ध करा दी गयी हैं। **इन सीटों को भरने हेतु Online Mop-up Round-2 Counselling आयोजित होगा।**

(2) **वैसे अभ्यर्थी जो पूर्व में Online Counselling हेतु किसी कारण से Choice filling नहीं कर पाये थे, वे भी इस Online Mop-up Round-2 Counselling के लिए पात्रता-प्राप्त हैं। Online Mop-up Round-2 Counselling में भाग लेने हेतु अभ्यर्थी Online portal of DCECE(PE)-2026 के माध्यम से login कर अधिक से अधिक संख्या में College / Branch का Choice filling करेंगे। Login एवं** Choice filling करने से सम्बन्धित प्रक्रिया तथा विस्तृत जानकारी विज्ञापन संख्या- **बी.सी.ई.सी.ई.बी.(डी.सी.ई.सी.ई.)-2026/07 दिनांक- 21.06.2026** के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है, जो पर्षद के वेबसाईट पर उपलब्ध है।

(3) जो अभ्यर्थी DCECE(PE)-2026 की प्रथम अथवा द्वितीय / Mop-up चक्र की online counselling के माध्यम से सरकारी / निजी क्षेत्र के पॉलिटेकनिक संस्थानों में नामांकन ले चुके हैं ***अथवा*** जिनका प्रथम एवं द्वितीय चक्र / Mop-up की कॉउन्सेलिंग से सीट आवंटन नहीं हुआ है ***अथवा*** सीट आवंटन उपरांत Document Verification के क्रम में किसी कारण से उनका आवंटित सीट रद्द कर दिया गया है ***अथवा*** किसी कारण से अपने Reporting Centre पर जा कर Document Verification नहीं करा पाये हैं, **वैसे सभी अभ्यर्थी Online Mop-up Round-2 Counselling के लिए पात्रता-प्राप्त हैं**। ऐसे अभ्यर्थी यदि Online Mop-up Round-2 Counselling में भाग लेना चाहते हैं तो वे सर्वप्रथम पर्षद के वेबसाईट पर उपलब्ध "Online portal of DCECE(PE)-2026" link पर Click कर अपने Registration No. एवं Password से अपने Account में login कर Online Mop-up Round-2 Counselling में भाग लेने हेतु अपना Consent / Willingness देंगे। यह प्रक्रिया Registration के समय दिये गये Password तथा OTP Authentication के माध्यम से की जायेगी, जिसे अभ्यर्थी के पंजीकृत / Registered मोबाईल नं. एवं email ID पर भेजा जायेगा । OTP Authenticate होने के बाद अभ्यर्थियों द्वारा पूर्व से भरे गये सभी Choices "Null & Void" हो जायेंगे। परन्तु यदि अभ्यर्थी प्रथम या द्वितीय / Mop-up Round की कॉउन्सेलिंग से नामांकित हैं तो उनका अंतिम रूप से आवंटित सीट का Choice यथावत् रहेगा।

(क) यदि अभ्यर्थी पूर्व की तीनों चक्रों की कॉउन्सेलिंग से किसी संस्थान में **नामांकित नहीं हैं** एवं उपरोक्त प्रक्रियानुसार उनका पूर्व का भरा गया Choices "Null & Void" हो गया है, अत: उन्हें Online Mop-up Round-2 Counselling में भाग लेने हेतु अधिक से अधिक संख्या में प्राथमिकतानुसार पुन: Fresh Choice Filling करना अनिवार्य होगा अन्यथा उन्हें Online Mop-up Round-2 Counselling की सीट आवंटन प्रक्रिया में सम्मिलित नहीं किया जायेगा।

(ख) यदि अभ्यर्थी प्रथम या द्वितीय / Mop-up चक्र की कॉउन्सेलिंग से किसी संस्थान में **नामांकित हैं** तो उनका उक्त नामांकित सीट का Choice को छोड़ कर शेष सभी Choices "Null & Void" हो जायेगा जिसके कारण Online Mop-up Round-2 Counselling में भाग लेने हेतु उन्हें नामांकित वाले सीट को रखते हुए अधिक से अधिक संख्या में प्राथमिकतानुसार पुन: Fresh Choice Filling करना अनिवार्य होगा अन्यथा उनका पूर्व का ही नामांकित सीट यथावत रह जायेगा।

(4) **वैसे नामांकित अभ्यर्थी जो इस Mop-up Round-2 Counselling में भाग लेने हेतु Willingness देते हैं, उनका सीट पुनर्आवंटन के क्रम में Vacancy उत्पन्न हो सकता है,** जिस कारण संस्थान में रिक्तियाँ उत्पन्न हो सकती है। **अत: अभ्यर्थियों को सलाह दिया जाता है कि वे इस Virtual Vacancy को ध्यान में रखते हुए अपना प्राथमिकता अनुसार अधिक से अधिक Choice भरें।**

(5) अभ्यर्थी Choices भरने के क्रम में अपने प्राथमिकता अनुसार अधिक से अधिक Colleges एवं Branch का चयन करें। Choice भरने के उपरांत अभ्यर्थी निर्धारित अंतिम तिथि तक अपने Choice को Edit कर सकते हैं । दिये गये Schedule के अनुसार अभ्यर्थी अपने द्वारा भरे गये Choices से संतुष्ट हैं तो अपने choice को Lock कर दें । Choice locking उपरांत अभ्यर्थी अपने द्वारा भरे गये Choices में अगर किसी प्रकार का बदलाव करना चाहते हैं तो वे "Unlock Choices" बटन पर click करें तथा अपने Registered Mobile no. तथा email पर प्राप्त OTP को Authenticate / Verify कर choices में बदलाव निर्धारित अंतिम तिथि तक कर सकते हैं। तदुपरांत अभ्यर्थी अंतिम रूप से भरे गये choices को पुन: lock कर दें। अगर अभ्यर्थी निर्धारित अंतिम तिथि तक अपना Choice lock नहीं करते हैं तो उनका choice निर्धारित अंतिम तिथि एवं समय के तुरंत बाद स्वत: Lock हो जायेगा । अंतिम तिथि उपरांत choice में किसी प्रकार के बदलाव का प्रावधान नहीं होगा। अभ्यर्थी अपने द्वारा भरे गये choices का Print-out निकाल कर भविष्य के लिए अपने पास सुरक्षित रख लें।

**नोट : Choice Locking एवं Unlocking की प्रक्रिया OTP Authentication के माध्यम से की जायेगी, जिसे अभ्यर्थी के पंजीकृत / Registered मोबाईल नं. एवं email ID पर भेजा जायेगा । साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि पंजीकृत मोबाईल नं. एवं email ID को किसी भी शर्त्त पर बदला नहीं जा सकता है।**

(6) **वैसे अभ्यर्थी (चाहें वे पूर्व की कॉउन्सेलिंग से नामांकित हैं अथवा नहीं) जो इस Mop-up Round-2 Counselling में भाग लेना चाहते हैं, उन्हें अपना Consent देने के पश्चात् 5,000/- (पाँच हजार) रुपये का Security Deposit की राशि online तरीके से जमा करना होगा। सफलतापूर्वक Payment हो जाने के पश्चात् ही अभ्यर्थी Choice Filling कर पायेंगे।**

(i) वैसे अभ्यर्थी जिनका Mop-up Round-2 Counselling में Fresh / Upgraded सीट आवंटन होता है एवं निर्धारित अवधि तक Document Verification / नामांकन की प्रक्रिया पूरी नहीं करते हैं तो उनका Security Deposit की राशि जब्त कर ली जाएगी।

(ii) वैसे अभ्यर्थी जिनका Mop-up Round-2 Counselling में Document Verification के क्रम में किसी प्रकार की Discrepancy होने के कारण उनका आवंटित सीट रद्द होता है तो वैसी स्थिति में भी उनका Security Deposit की राशि जब्त हो जायेगी।

(iii) वैसे सभी अभ्यर्थी, जिन्होंने Security Deposit की राशि जमा किया है एवं उनका Security Deposit की राशि कंडिका-6 एवं कंडिका-7 के अनुसार जब्त (Forfeit) नहीं हुआ है अर्थात जो अभ्यर्थी सीट आवंटन अनुसार अपना Document Verification करवाते हुए नामांकन करवा लिया है अथवा जिन्हें कोई सीट आवंटन नहीं हुआ है, की Security Deposit की राशि उसी Mode से वापस हो जाएगा जिस Mode से अभ्यर्थी ने Online Payment किया है।

(7) अगर कोई अभ्यर्थी Online Mop-up Round-2 Counselling हेतु उक्त प्रक्रिया अनुसार नया Choice filling या Consent / Willingness देने की प्रक्रिया पूरा नहीं करते हैं तो वे इस Online Mop-up Round-2 Counselling के लिए पात्रता प्राप्त नहीं होंगे।

(8) अंतिम रूप से भरे गये Choices की List (सूची) Seat Allotment से पूर्व अभ्यर्थी के पंजीकृत email ID पर email के माध्यम से भेजी जाएगी।

(9) यह online Mop-up Round-2 Counselling DCECE-2026 के आधार पर PE Course Group में नामांकन हेतु अन्तिम कॉउन्सेलिंग होगा, इसके उपरान्त PE Course Group का नामांकन समाप्त हो जायेगा।

(10) वैसे सभी अभ्यर्थी का, जिन्होंने निर्धारित अंतिम तिथि तक Choice Filling किया है, मेधा-सह-विकल्प के आधार पर Online Seat Allotment किया जायेगा।

(11) अभ्यर्थी अपना सीट आवंटन Result देखने हेतु निर्धारित तिथि से अपने Account में login कर अपना सीट आवंटन result देख सकते हैं।

(12) **DCECE-2026 (PE) के लिए Online Mop-up Round-2 Counselling से संबंधित महत्वपूर्ण तिथियाँ निम्नवत् हैं;**

| Sl. | Time Schedule | | Date & Time |
|---|---|---|---|
| i. | Seat Matrix posting for online Mop-up Round-2 Counselling on website ........................ | : | 29.08.2026 |
| ii. | **Starting date** of online Consent / Willingness .................................................................. | : | **31.08.2026** |
| iii. | **Starting date** of online Consent / Willingness with Payment of Security Deposit through Debit Card/ Credit Card/ Net Banking/ UPI ......................................................... | : | **31.08.2026** |
| iv. | **Last date** Consent / Willingness with Payment of Security Deposit through Debit Card/ Credit Card/ Net Banking/ UPI ......................................................... | : | **05.09.2026 (10.00 pm)** |
| v. | **Last date** of Choice Filling for seat allotment and Locking .............................................. | : | **05.09.2026 (11.59 pm)** |
| vi. | Mop-up Round-2 Counselling provisional Seat Allotment **Result publication date** ....... | : | **09.09.2026** |
| vii. | Downloading of Allotment Order (Mop-up Round-2 Counselling) ................................. | : | **09.09.2026** to **12.09.2026** |
| viii. | **Document Verification and Admission** (Mop-up Round-2 Counselling) ....................... | : | **11.09.2026** to **12.09.2026** |

(13) **इन्टरनेट व्यवधान के लिए पर्षद उत्तरदायी नहीं होगा। अत: अभ्यर्थी अंतिम तिथि का इंतजार नहीं करेंगे एवं उसके पूर्व सभी प्रक्रिया पूरी कर लेंगे।**

(14) Document Verification के समय DCECE-2026 के उपरोक्त पाठ्यक्रम समूह में पात्रता प्राप्त आवंटित प्रत्येक अभ्यर्थी को अपने Reporting Centre पर विवरण पुस्तिका के पृष्ठ 1 एवं 2 में उल्लिखित सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत सभी निम्नांकित मूल प्रमाण-पत्र / दस्तावेज एवं एक-एक स्वसत्यापित फोटो प्रति के साथ लाना अनिवार्य है।

- (i) मैट्रिक या समकक्ष परीक्षा का (क) प्रवेश-पत्र, (ख) अंक-पत्र तथा (ग) औपबंधिक प्रमाण-पत्र (जन्म तिथि प्रमाण हेतु)।
- (ii) डिप्लोमा-सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (डी.सी.ई.सी.ई.)-2026 का प्रवेश-पत्र (Admit Card) तथा उसमें लगाए गए फोटोग्राफ की छ: अतिरिक्त प्रतियाँ।
- (iii) जाति प्रमाण-पत्र (iv) आवासीय प्रमाण-पत्र (v) चरित्र प्रमाण-पत्र (vi) विवरण पुस्तिका के पृष्ठ 1 एवं 2 में वर्णित अन्य प्रमाण-पत्र, जहाँ लागू हों, यथा- सैनिक कर्मचारी कोटा (SMQ) हेतु सैनिक कर्मचारी प्रमाण-पत्र, Economical Weaker Section (EWS) प्रमाण-पत्र तथा विकलांगता कोटा (DQ) हेतु विकलांगता प्रमाण पत्र आदि । आरक्षित कोटि का लाभ लेने वाले प्रत्येक उम्मीदवारों के लिए यह आवश्यक है कि वे अपने मूल निवास से सम्बन्धित सक्षम प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र साक्षात्कार / पात्रता सत्यापन के समय अवश्य जमा करें। उम्मीदवार द्वारा जमा किये जाने वाले जाति प्रमाण पत्र में उल्लिखित आरक्षण कोटि वही होनी चाहिये जो डी.सी.ई.सी.ई.-2026 में सम्मिलित होने के लिये निर्गत उसके प्रवेश पत्र में उल्लिखित हो।
- (vii) Copy of Aadhar Card
- (viii) DCECE(PE)-2026 के लिए online किये गये Application Form (Confirmation Page) की Hard Copy
- (ix) Rank Card of DCECE (PE)-2026
- (x) The Verification Slip (जाँच-पर्ची) in 2 copies as downloded alongwith Biometric Form in 1 copy साक्षात्कार / Counselling के समय साथ लाना अनिवार्य है।

(15) **अगर अभ्यर्थी को Online Mop-up Round-2 Counselling में कोई सीट आवंटन होता है तो, अभ्यर्थी पर्षद के website पर उपलब्ध Link "Online Portal of DCECE(PE)-2026" पर click करते हुए अपने Account में Login कर Provisional Seat**

**Allotment Order download करेंगे तथा Provisional Seat Allotment Order पर छपे हुए Reporting Centre पर निश्चित रूप से report कर अपना Document Verification करायेंगे एवं निर्धारित अवधि में नामांकन लेंगे, अन्यथा उनका उक्त आवंटित सीट रद्द हो जायेगा।**

(16) वैसे अभ्यर्थी जो प्रथम अथवा द्वितीय / **Mop-up** चक्र की Online Counselling द्वारा किसी संस्थान में नामांकित है, परंतु **इस Online Mop-up Round-2 Counselling में भी उनका आवंटित सीट यानि Colleges एवं Branch Retain** (अर्थात कोई बदलाव नहीं हुआ) **रह जाता है तो वैसी स्थिति में अभ्यर्थी को पुन: Document Verification हेतु Reporting Centre पर जाने की आवश्यकता नहीं है। वे यथावत नामांकित रह जायेंगे, परन्तु यदि कोई बदलाव संस्थान अथवा ब्रांच में होता है तो उनके लिए कंडिका-15 लागू होगा।**

(17) कॉउन्सेलिंग / Document Verification की तिथि तक वांछित शैक्षणिक योग्यता [विवरण पुस्तिका की कंडिका-4.1 एवं 5.1] के अनुसार उत्तीर्णता आवश्यक है अन्यथा वे नामांकन के हकदार नहीं होंगे।

**परीक्षा नियंत्रक**